**नाम-------------------** **अनुक्रमांक-------------**

**<u>ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल</u>**

**<u>अर्धवार्षिक परीक्षा (2024-25)</u>**

**<u>कक्षा : IV</u>**

**<u>विषय : हिंदी</u>**

**<u>सेट - ब</u>**

**समय : 2 घंटे** **तिथि : /09/2024** **पूर्णांक : 40**

**<u>सामान्य निर्देश</u> :**

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- साफ़ और स्वच्छ लिखें।

खंड (क)

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

आज रानी पिकनिक पर जा रही है। वह चिड़ियाघर घूमने जा रही है। वह सभी जानवरों को देखने के लिए उत्साहित है। रानी का पसंदीदा जानवर जिराफ़ है। वह उसकी लंबी गर्दन और धब्बों से प्यार करती है। रानी को उम्मीद है कि वह आज जिराफ़ों को खाना खिला पाएगी । वह तस्वीरें लेने के लिए अपना कैमरा साथ लेकर जा रही है ।

(क) आज रानी कहाँ जा रही है?

(ख) रानी का पसंदीदा जानवर कौन सा है?

(ग) रानी को जिराफ़ के बारे में क्या पसंद है?

(घ) रानी तस्वीर लेने के लिए क्या साथ लेकर जा रही है?

(i) कपड़े (ii) मोबाइल

(iii) कंप्यूटर (iv) कैमरा

(ड) लम्बी गर्दन किसकी है ?

(i) रानी की (ii) घोड़े की

(iii) जिराफ की (iv) हाथी की

खंड (ख)

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान भरिए।** **(2)**

(क) अपने मन की बात बोलकर या लिखकर कहना .....................कहलाता है।

(ख) विश्व में अनेक ..................बोली जाती हैं।

(ग) व्यंजनों को बोलने में हमें ...................... की सहायता लेनी पड़ती है।

(घ) संस्कृत भाषा की लिपि .........................है।

**प्रश्न 3. वर्ण विच्छेद कीजिए।** **(2)**

(क) नमस्ते (ख) किशोर

**प्रश्न 4. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्द भरिए।** **(2)**

(क) मैं ......................रहता हूँ।

(ख) .................................. एक वीर योद्धा थे।

(ग) ................................. एक पवित्र नदी है।

(घ) कक्षा में सब ................................कर रहे हैं ।

**प्रश्न 5. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरिए।** **(2)**

(क).................................... अपना सारा काम कर लिया।

(ख) ...................... आज खेलने क्यों नहीं आए?

(ग) तुम ........................ जा रहे हो ?

(घ) आज ............................ कक्षा की सफाई करेंगे ।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (1)**

(क) जो कपड़े बुनता हो - .....................................

(ख) जो देखा न जा सके - ....................................

**प्रश्न 7. एक-एक शब्द बनाइए। (1)**

(क) च्च - ...................... (ख) ज्ञ - ....................

**प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए। (1)**

(क) छात्र (ख) बालक

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए। (1)**

(क) बहन (ख) बाल्टी

खंड (ग)

**प्रश्न 10. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों में उचित विकल्प चुनिए - (4)**

मानव को तो भगवान ने बुद्धि भी दी है इस नाते मैं बुद्धिमान मनुष्य होकर इस निर्दोष को दंड कैसे दे सकता हूँ?" मेरा कर्तव्य है कि मुझे इस दुखियारी की मदद करनी चाहिए। फिर ढेला मारने के पीछे इसकी मनोवृत्ति किसी को नुकसान पहुँचाने की नहीं थी। अतः मेरी आज्ञा का तुरंत पालन किया जाए। राजा मानसिंह की उदारता को देखकर सभी सिपाहियों ने उनकी सराहना की और उनकी आज्ञा के अनुसार बुढ़िया को सोने की सौ मुहरें देकर ससम्मान उसके घर पहुँचा दिया ।

(क) मानव को बुद्धि किसने दी है?

(i) पिताजी ने (ii) माताजी ने

(iii) मामाजी ने (iv) भगवान् ने

(ख) दंड किसको नहीं दे सकते ?

(i) दोषी को (ii) आरोपी को

(iii) सिपाही को (iv) निर्दोष को

(ग) गद्यांश में दुखियारी किसे कहा गया है ?

(i) राजा को (ii) सैनिकों को

(iii) बुढ़िया को (iv) जनता को

(घ) बुढ़िया को कितनी मोहरें देकर सम्मानित किया गया ?

(i) 20 (ii) 50

(iii) 100 (iv) 1000

**प्रश्न 11. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ बताइए। (2)**

(क) दास (ख) भीगी-भीगी

(ग) धरती (घ) दंड

**प्रश्न 12. वाक्य बनाइए। (2)**

(क) खूबसूरत (ख) यंत्र

**प्रश्न 13. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (8)**

(1) जग किसके प्रकाश से चमकता है ? (1)

(2) गरीब व्यक्ति ने संन्यासी को कहाँ चलने के लिए कहा ? (1)

(3) बादल कैसे दिखाई देते हैं ? (1)

(4) राजा मानसिंह किसके नवरत्नों में से एक थे ? (1)

(5) अन्न-जल के अभाव से पृथ्वी पर क्या हुआ ? स्थिति का वर्णन करें। (2)

(6) चाँद पर पहुँचकर बंटी ने क्या देखा ? (2)

**प्रश्न 14. सही वाक्य पर (√) और गलत वाक्य पर (×) का निशान लगाइए।(2)**

(क) मक्खी बहुत ही घमंडी थी। ( )

(ख) ऐसा कोई नहीं था जिसके साथ बंटी खेल सके। ( )

(ग) कुत्ता व्यक्ति की रोटी छीनकर भाग गया। ( )

(घ) बुढ़िया ने ढेला जानबूझकर नहीं मारा था। ( )

खंड (घ)

**प्रश्न 15. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)**

(क) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ख) स्वतंत्रता दिवस

**नाम-------------------** **अनुक्रमांक-------------**

**ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल**

**अर्धवार्षिक परीक्षा (2024-25)**

**कक्षा : IV**

**विषय : हिंदी**

**सेट - अ**

**समय : 2 घंटे** **तिथि : /09/2024** **पूर्णांक : 40**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- साफ़ और स्वच्छ लिखें।

खंड (क)

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

एक समय की बात है। एक गाँव में एक किसान अपने चार बेटों के साथ रहता था। वह बहुत दुखी था क्योंकि उसके चारों बेटे आपस में लड़ते रहते थे। एक दिन किसान बहुत बीमार हो गया। उसने अपने चारों बेटों को बुलाकर एक-एक लकड़ी लाने को कहा। जब वे चारों लकड़ी ले आए तो उसने उन चारों लकडियो को एक साथ बाँधकर गट्ठर बना दिया। सभी हैरान थे। तभी किसान ने बारी-बारी सभी को गट्ठर को तोड़ने के लिए कहा, परंतु कोई भी उसे तोड़ न पाया। अब किसान ने सभी लकड़ियों को अलग कर दिया और वे आसानी से टूट गई।

(क) किसान के कितने बेटे थे?

(ख) उसने चारों बेटों को क्या लाने को कहा?

(ग)गाँव में कौन रहता था ?

(घ) आपस में कौन लड़ता रहता था ?

(i) किसान (ii) चारों बेटे

(iii) राम (iv) कृषक

(ड) किसान के चारों बेटो ने आसानी से क्या तोड़ दिया ?

(i) लकड़ी (ii) भ्रम

(iii) पैंसिल (iv) टेबल

खंड (ख)

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान भरिए।** **(2)**

(क) भाषा को लिखने का ढंग ...........................कहलाता है ।

(ख) जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है, उन्हें ...............कहते है ।

(ग) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि ..............................कहलाती है ।

(घ) पंजाबी भाषा की लिपि .........................है।

**प्रश्न 3. वर्ण विच्छेद कीजिए।** **(2)**

(क) पुस्तक (ख) नीलामी

**प्रश्न 4. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्द भरिए।** **(2)**

(क) मेरा प्रिय विषय ............................... है।

(ख) .................................. महापुरुष हैं।

(ग) गंगा एक पवित्र ................ है।

(घ) कक्षा में ................................पढ़ा रहे हैं ।

**प्रश्न 5. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरिए।** **(2)**

(क)................................... नाम क्या है ?

(ख) ...................... चौथी कक्षा में पढ़ता हूँ ।

(ग) ......................अपने घर जा रहे हो ?

(घ) आज ............................ हिंदी पढ़ेगा ।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (1)**

(क) जो कठिनाई से मिले - .....................................

(ख) हवा में उड़ने वाला - .....................................

**प्रश्न 7. एक-एक शब्द बनाइए। (1)**

(क) क्ष - ..................... (ख) त - ....................

**प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए। (1)**

(क) लड़का (ख) पिता

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए। (1)**

(क) माला (ख) पुस्तक

खंड (ग)

**प्रश्न 10. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों में उचित विकल्प चुनिए - 4**

बंटी जैसे ही चाँद पर उतरा, वह गिरते गिरते संभला । उसने देखा कि चाँद पर बहुत सारे छोटे-बड़े गड्ढे भी हैं । बहुत बड़े पहाड़ भी हैं । उसने चारो और घूम-घूमकर देखा पर उसे कुछ न दिखाई दिया । चाँद पर न कोई पेड़-पौधा था और न ही कोई जीव-जंतु । बंटी को बहुत ही आश्चर्य हो रहा था कि पृथ्वी तो कितनी सुंदर और हरी भरी है और जो चाँद वहाँ से इतना खूबसूरत दिखाई पड़ता है वास्तव में वह ऐसा है ।

(क) बंटी कहाँ उतरा था ?

(i) सूरज पर (ii) पृथ्वी पर

(iii) मंगल पर (iv) चाँद पर

(ख) बंटी जब चाँद पर गया तो उसे _________ हुआ ।

(i) आश्चर्य (ii) अचम्भा

(iii) विस्मय (iv) उपर्युक्त सभी

(ग) चाँद पर क्या था ?

(i) पहाड़ (ii) गड्ढे

(iii) i और ii दोनों (iv) इनमे से कोई नहीं

(घ) हरी भरी क्या है ?

(i) पृथ्वी (ii) मंगल

(iii) चाँद (iv) बुद्ध

**प्रश्न 11. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ बताइए। (2)**

(क) जग (ख) नभ

(ग) क्रुद्ध (घ) भय

**प्रश्न 12. वाक्य बनाइए। (2)**

(क) जीव-जंतु (ख) राज

**प्रश्न 13. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (8)**

(1) बच्चे किससे प्रार्थना कर रहे हैं ? (1)

(2) राजा मानसिंह कहाँ के राजा थे ? (1)

(3) दुर्भिक्ष ने पृथ्वी पर क्या देखा ? (1)

(4) कंप्यूटर किसकी खान है ? (1)

(5) बंटी चाँद पर कैसे पहुँचा ? (2)

(6) हाथी को देखकर मक्खी ने क्या कहा ? (2)

**प्रश्न 14. सही वाक्य पर (√) और गलत वाक्य पर (×) का निशान लगाइए।(2)**

(क) मक्खी शेर के गुस्से से डर गई । ( )

(ख) बंटी सपने में चाँद पर गया । ( )

(ग) लाचारी और भुखमरी से असंख्य लोग मरने लगे । ( )

(घ) राजा मानसिंह अपने महल में टहल रहे थे । ( )

खंड (घ)

**प्रश्न 15. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)**

(क) जीवन में खेलों का महत्त्व (ख) स्वतंत्रता दिवस